अर्धवार्षिक परीक्षा – 2019-20

कक्षा - अष्टम

विषय- हिन्दी

समय- 3 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक- 80

नोट- सभी प्रश्न करना अनिवार्य है

## खण्ड क

प्र01- निम्नलिखित गधाश को ध्यान पूर्वक पढ'कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

भारतीय पक्षियों में सर्वाधिक लोकप्रिय और संगीतमय पक्षी है – कोयल इसकी मधूर कूक बरबस ही हमारे मन को अपनी ओर आकर्षित कर लेती है भारतीय कवियों ने इसकी मधुर आवाज की प्रशंसा अपनी कविताओं में की हैं | बसंत ऋतु में इसकी कूक सुनकर ऐसा लगता है मानो कोयल बसंत के आगमन की सूचना सबको देती फिर रही है | सर्दी आते ही कोयल गाना बंद कर देती है और देश के गर्म भागों में चली जाती है | कोयल विचित्र् पक्षी है | यह अपना घोंसला नहीं बनाती है | अप्रैल से अगस्त के बीच मादा कोयल किसी कौए के घोंसले में अपने अंडे दे देती है। मादा कौआ इन अंडो को अपना अंडा समझकर सेती है | कोयल बडे और घने पत्ते वाले व़क्षों पर रहना पसंद करती है | अमराइयॅा इसका प्रिय स्थान है, जहॉ इसे आसानी से देखा जा सकता है।

1- पक्षियों में कोयल की लोकप्रियता सर्वाधिक क्यों हैं?　　2

2- किस ऋतु में कोयल का गीत नहीं सुनाई देता हैं और क्यों?　　2

3- कोयल अन्य पक्षियों से किस तरह अलग है?　　2

4- आम के बाग के लिए एक शब्द लिखिए?　　1

5- 'आगमन' शब्द का विलोम शब्द लिखिए?　　1

प्र0-2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढकर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दों-

देख रहा था- जो सुस्थिर हो, नही बैठती थी क्षण-भर
हाय! वही चुपचाप पडी थी, अटल शांति-सी धारण कर
सुनता वही चहता था मैं, उसे स्वंय ही उकसाकर-
मुझको देवी के प्रसाद का, एक फूल ही दो लाकर
उँचे शैल-शिखर के उपर, मंदिर था विस्तीर्ण विशाल,
स्वर्ण-कलश सरसिज विहसित था, मंदिर का ऑगन सारा
गुॅज रही थी भीतर-बाहर, मुखरित उत्सवं की धार |



Scanned by CamScanner

1- कवि अपनी पुत्री को किस दशा में देख रहा था? 2

2- मंदिर कहाँ स्थित था? 2

3- कवि देवी के प्रसाद के रूप में क्या लाकर देने के लिए कह रहा है? 1

4- 'रवि-कर-जल में कर का क्या अर्थ है? 1

5- सरसिज शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखो? 1

प्र0-3 निम्नलिखित गधांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1×5=5

हम आगा-पीछा करने लगे |डॉक्टर मित्र् ने कहा - "डरो मत,
चलो! बस अनुभवी है | नई-नवेली बसों से ज्यादा विश्वसनीय हैं।
हमें बेटों की तरह प्यार से गोद में लेकर चलेगी |"

हम बैठ गए | जो छोडने आए थे, वे इस तरह देख रहे थे
जैसे अंतिम विदा दे रहे हैं | उनकी ऑखे कह रही थी-
"आना जाना तो लगा ही रहता हैं | आया है, सो जाएगा राजा,
रंक, फकीर आदमी को कूच करने के लिए एक निमित चाहिए |

1- "प्यार से गोद में लेकर चलेगी" इस पंक्ति में किसके द्वारा गोद में लेकर चलने की बात की गई है?

2- लेखक को छोडने आए मित्र् उसे विदाई कैसे दे रहे थे?

3- प्रस्तुत गधांश के पाठ का नाम लिखो?

4- 'नई' शब्द का विलोम लिखों?

5- 'मित्र्' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखो?

प्र0-4 किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखो- 2×4=8

1- लेखक हर पेड को अपना दुश्मन क्यों समझ रहा था?

2- पत्र् एक धरोहर है कैसे स्पष्ट कीजिए?

3- "दोषों का पर्दाफाश करना "कब बुरा रूप धारण कर लेता है?

4- लेखक अपने गॉव खुशी से क्यों कहता था?

5- वैरंग चिट्टी से क्या अभिप्राय है?



Scanned by CamScanner

प्र0-5 निम्नलिखित काव्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1×5=5

पक्षी और बादल,
ये भगवान के डाकिए है,
जो एक महादेश से
दूसरें महादेश को जाते हैं।

मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ
पेड, पौधे, पानी और पहाड
वाचते हैं।

1- प्रस्तुत काव्यांश के कवि और कविता का नाम लिखों?

2- पक्षी और बादल किसके डाकिए है?

3- पक्षी और बादल का लाया संदेश कौन नही पढ पाते है?

4- 'पानी' शब्द किस संज्ञा के अंतर्गत आता है?

1-जातिवाचक 2- भाववाचक 3- द्रव्यवाचक 4- समूहवाचक

5- पेड शब्द का पर्यायवाची है-

1- पौधा 2- तना 3- शाखा 4- व्रक्ष्

प्र0-6 किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दो- 2×4=8

1- कवि का ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा?

2- चिडिया चोच में तिनका दबाकर उडने की तैयारी में क्यों है वह तिनके का क्या करती होगी लिखिए?

3- यह सबसे कठिन समय नहीं है यह बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए है, स्पष्ठ कीजिए?

4- कवि ने घास की निंदा करने से क्यो मना करते हैं। दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए?

5-''एक देश की धरती दूसरे देश के सुगध भेजती है''-कथन का भाव स्पष्ट कीजिए?

प्र07- बसंत ऋतु में कौन-कौन से त्योहार मनाए जाते है किसी एक त्योहार का वर्णन करो? 3

अथवा

लाख् से चूडियाँ के अतिरिक्त क्या-क्या चीजे बनती है लिखो?

प्र0-8 'भारत की खोज' पुस्तक के आधार पर किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2×4=8

1- चाँद बीबी की हत्या किसने की और क्यों?

2- प्राचीन भारत के दो महाकाव्य कौन-से है इन महाकाव्यों में किसका वर्णन है?

3-जैन धर्म व बौद्व धर्म के संस्थापक कौन थे?

4- कुषाणों का प्रसिद्व शासक कौन था कुषाणों ने अपना साम्राज्य कहाँ स्थापित किया?

5- शून्य की खोज कहाँ की गई?



Scanned by CamScanner

## खण्ड ख्

प्र09- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1×8=8

(क) हिन्दी भाषा लिपि क्या है ?

(ख) वर्णो के व्यवस्थित समूह को क्या कहते है ?

(ग) 'समीप' की भाववाचक संज्ञा क्या है ?

(घ) 'युवती' शब्द का पुल्लिंग क्या है ?

(ङ) 'बच्चा' शब्द का बहुवचन रूप क्या है ?

(च) जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते है उन्हे क्या कहते है ?

(छ) 'विशाल' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

(ज) 'असफल' शब्द में कौन सा उपसर्ग हैं ?

प्र010- 2×4=8

(क) 'अभी भी' का प्रयोग करते हुए दो वाक्य बनाये ।

(ख) द्वद्व समास का उदाहरण लिखते हुए दो वाक्य बनाओ ।

(ग) किसी प्रयोजन विशेष से संबधित शब्दों के साथ पत्र शब्द के साथ पत्र् शब्द जोडने से कुछ नए शब्द बनते हैं जैसे- समाचार पत्र आप पत्र् के योग से बनने वाले चार शब्द लिखिए

(घ) कॉच बहुत कम बचे थे, जो बचे थे, उनमे हमे बचना था, ।

इस वाक्य में 'बच' शब्द को दो तरह से प्रयोग किया गया है । एक 'शेष' के अर्थ में दूसरा 'सुरक्षा' के अर्थ मे ।

नीचे दिये गए शब्दो को वाक्य में प्रयोग करो। ध्यान रहे, एक ही शब्द वाक्य में दो बार आना चाहिए और शब्दो के अर्थ में कुछ बदलाव होना चाहिए ।

(1) जल

(2) कर

प्र011- आपके विद्यालय में खेलों के सामान की कमी है, जिसके कारण छात्र अभ्यास नहीं कर पाते । खेलों का सामान मॅगवाने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

5

प्र012- किसी एक विषय पर लगभग दो सौ शब्दों का अनुच्छेद लिखो- 7

(क) जीवन में खेलों का महत्व

(ख) स्वच्छ भारत अभियान

(ग) किसी यात्रा का वर्णन

******



Scanned by CamScanner

अंक योजन

कक्षा- अष्टम

विषय- हिन्दी

पूर्णांक 80

समय 3 घंटा

| क्रम संख्या | अपेक्षित उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 1-1 | मधुर कूक के कारण | 2 |
| 2 | सर्दी, देश के गर्म भागो में जाने के कारण | 2 |
| 3 | यह अपना घोसला नही बनाती है, कौए के घोसलें में अडें देती है | 2 |
| 4 | अमराइया | 1 |
| 5 | प्रस्थान | 1 |
| 2-1 | चुपचाप, अटल शान्ति धारण कर | 2 |
| 2 | ऊँचे शैल-शिखर पर | 2 |
| 3 | फूल | 1 |
| 4 | कमल | 1 |
| 3-क | बस | 1 |
| ख | जैसे अंतिम विदा | 1 |
| ग | बस की यात्रा | 1 |
| घ | पुरानी | 1 |
| ड | सखा, मित्र् आदि | 1 |
| 4- क | बस टकरा न जाए | 2 |
| ख | इनमे यादे जुडी होती है, ऐतिहासिक पत्र् प्रेरणा के स्त्रोत हैंः | 2 |
| ग | जब उसके पीछे छिपी भावना बदनाम करने की हो घपलो-घोटलों का खुलासा करने वालो की प्रशासन जब सहायता नही कर पाता | 2 |
| घ् | लाख की गोलियॉ मिलने के कारण, गॉव के बच्चे बदलू् काका कहते थे | 2 |
| ड | जिस पत्र् पर डाक टिकट न हो | 2 |
| 5-क | रामधारी सिंह दिनकर, भगवान के डाकिए | 1 |
| ख | भगवान के | 1 |
| ग | मानव | 1 |
| घ | द्रव्यवाचक | 1 |
| ड | ृव्रक्ष | 1 |
| 6- क | कवि आशावादी है, जीवन में उपलब्धियॉ प्राप्त करने के लिए उत्साहित है। | 2 |
| ख | उसे अपना घोंसला बनाना है फिर उसमें अंडे देकर पूरा परिवार बना लेती है | 2 |
| ग | 1- चिडिया की चोच में तिनके दबा होना | 2 |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | 2- झरती हुई पत्ती को थामने के लिए कोई हाथ तैयार है | |
| घ | घास का तिनका कमजोर, लाचार लोगो का प्रतीक है उन्हें सताने से उनमें प्रतिहिंसा की भावना जाग्रत होती है | 2 |
| ड | कविता में सद्भावना का प्रचार देशो की सीमाओं में नहीं रोका जा सकता। | 2 |
| 7- | विवेकानुसार | 3 |
| 8-क | उसने अकबर की शाही सेना से युद्व किया उसकी हत्या उसके अपने ही एक व्यक्ति के द्वारा की गई | 2 |
| ख् | रामायण और महाभारत , राम की कथा, कौरवों पांडवो का युद्व | 2 |
| ग | महावीर स्वामी, महात्मा बुद्व | 2 |
| घ | कनिष्क, मध्य एशिया तक | 2 |
| ड | भारत में | 2 |

## खण्ड 'ख'

| | | |
|---|---|---|
| 9-क | देवनागरी | 1 |
| ख | वर्णमाला | 1 |
| ग | समीपता | 1 |
| घ | युवक | 1 |
| ड | बच्चे | 1 |
| च | विशेषण | 1 |
| छ | लघु | 1 |
| ज | अ | 1 |
| 10-क | विवेकानुसार | 2 |
| ख | माता-पिता, भाई-बहन आदि | 2 |
| ग | प्रार्थना-पत्र, आवेदन-पत्र, अंक-पत्र आदि | 2 |
| घ | सही वाक्य बनाने पर पूरे अंक | 2 |
| 11 | विवेकानुसार | 5 |
| 12 | विवेकानुसार | 5 |

नोट- यह उत्तर संभावित उत्तर है अन्य सभी संभावित उत्तर स्वीकार किये जाये ।

Scanned by CamScanner